## न्यूज डायरी



### ऑस्ट्रेलिया के क्वीन्सलैंड तट पर समुद्र से निकला विशाल सांप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के क्वीन्सलैंड के एक तट पर विशाल समुद्री सांप मिलने से वहां घूमने आए लोग दहशत में आ गए। इस बेहद जहरीले सांप की तस्वीर को ऑस्ट्रेलियन नेटिव एनिमल फेसबुक पेज पर रविवार को शेयर किया गया। इस तस्वीर में नजर आ रहा है कि यह काले रंग का समुद्री सांप समुद्र की लहरों के बीच से निकल रहा है। इस विशाल सांप को देखकर लोग दहशत में आ गए। इसी बीच एक शख्स ने सांप की पूंछ पकड़कर उसे पानी के अंदर दोबारा फेंक दिया। फेसबुक पेज के सदस्यों का कहना यह सांप बेहद जहरीले Elegant Sea Snake प्रजाति का था। यह सांप दो मीटर तक लंबा हो सकता है। इसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, नार्दन टेरिटरी और क्वींसलैंड के तट पर पाया जाता है। इस तस्वीर ऑनलाइन काफी प्रतिक्रिया आई है। कुछ लोगों का कहना है कि इस सांप को दोबारा समुद्र के अंदर नहीं फेंकना चाहिए था।

### पाकिस्तान के क्वेटा में मारे गए पांच आतंकी, सुरक्षा बलों ने की थी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वेटा। पाकिस्तान की आतंकरोधी विभाग ने मंगलवार को पांच आतंकियों के मारे जाने की जानकारी दी। विभाग ने आज बताया कि बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और पांच आतंकियों को ढेर कर दिया। आतंकियों ने क्वेटा के बाहरी इलाके में सुरक्षा कार्रवाई के दौरान कानून प्रवर्तन एजेंसियों और ब्ज्क सैन्यबलों पर हमला कर दिया था। CTD ने दावा किया कि मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार जब्त किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को कहा था कि बलूचिस्तान में वे विद्रोहियों से बातचीत करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने देश के सबसे बड़े प्रांत में विकास की कमी के लिए पूर्व प्रशासन को जिम्मेवाद ठहराया। बलूचिस्तान में हिंसक मामलों में बढ़त देखी जा रही है। हाल में ही क्वेटा एयरपोर्ट रोड पर विस्फोट हुआ जिसमें 6 लोग जख्मी हो गए थे।

### बांग्लादेश की पीएम ने त्रिपुरा के सीएम को भेजा 300 किलोग्राम हरिभंगा आम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को उपहार के रूप में 300 किलोग्राम हरिभंगा आम भेजा है, सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त इसकी जानकारी दी। आम की हरिभंगा किस्म बांग्लादेश के रंगपुर जिले में उगाई जाती है। इस किस्म के आम आकार में गोल, रेशेदार और आमतौर पर 200 से 400 ग्राम वजन के होते हैं। अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त ने शेख हसीना की ओर से बिप्लब देब को आम का तोहफा दिया। बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के लिए भेजे गए 300 किलोग्राम हरिभंगा आम आज दोपहर उनके कार्यालय को सौंपा गया।

### भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों को लिए प्रति सयुक्त राष्ट्र ने जताया दुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। जापान में भारी बारिश और भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों को लिए प्रति सयुक्त राष्ट्र ने दुख जताया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो जापान में भूस्खलन के कारण हुए जीवन के नुकसान और विनाश से दुखी हैं, उनके प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही यूएन की तरफ से आपदा राहत कर्मियों के कामकाज की सराहना करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की गई है। इसके अलावा प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जापान के लोगों और वहां की सरकार के साथ एकजुटता के साथ मुस्तैद है। बता दें कि जापान के शिजुओका प्रान्त के अटामी में शनिवार को हुए भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लापता हो चुके हैं। बता दें कि जापान के शिजुओका प्रान्त के अटामी में शनिवार को हुए भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लापता हो गए। साथ ही करीब 20 लोगों के कीचड़ में दबे होने की आशंका जताई गई है।

# पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने भारत पर लगाया आतंकवाद का आरोप

आरोप

## पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने तुर्की के सेना प्रमुख से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉक्टर आरिफ अल्वी ने तुर्की के सेना प्रमुख जनरल उमित दुंदार के साथ एक मुलाकात के बाद भारत के खिलाफ कई जहरीले आरोप लगाए हैं। अल्वी ने दावा किया कि भारत पाकिस्तान में अफगानिस्तान के रास्ते आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। आतंकवादियों को प्रशिक्षण और पैसे दे रहा है। उन्होंने जनरल उमित से पाकिस्तान की मदद करने का आह्वान किया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब दोनों देश मिलकर कई गुप्त रक्षा सहयोग कार्यक्रम चला रहे हैं।

अल्वी ने कहा कि भारत में परमाणु बम में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम का अवैध व्यापार होता है लेकिन अंतरराष्ट्रीय इस पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने का भी मुद्दा उठाया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान तुर्की के साथ



मिलकर दोनों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार, रक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में व्यापक अवसर मौजूद हैं।

**तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन की जमकर प्रशंसा की:** पाक राष्ट्रपति ने आशा जताई कि दोनों देशों के बीच सैन्य प्रशिक्षण सहयोग का समझौता सेना के स्तर पर सहयोग को और ज्यादा बढ़ावा देगा। उन्होंने कश्मीर और एफएटीएफ पर सहयोग करने के लिए तुर्की को धन्यवाद दिया। उन्होंने खलीफा बनने का सपना देख रहे तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन की जमकर प्रशंसा की और कहा कि वह मुस्लिमों की एकजुटता पर जोर दे रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान सेना ने जनरल उमित को सैन्य पुरस्कार से नवाजा है।

इस मौके पर जनरल उमित ने कहा कि पाकिस्तान और तुर्की को अब कोई अलग नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि तुर्की लोग पाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग खासतौर पर बढ़ाना चाहते हैं। जनरल उमित ने इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ भी मुलाकात की थी। दोनों सेना प्रमुखों ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया था। यही नहीं दोनों ने सेनाओं के बीच आपसी प्रशिक्षण बढ़ाने की बात कही।

**ग्रीस के विशेषज्ञों का दावा, तुर्की को परमाणु तकनीक दे रहा पाक**

इससे पहले पाकिस्तान और तुर्की के बीच गहराती नापाक दोस्ती पर ग्रीस के विशेषज्ञों ने भारत को चेतावनी दी थी। खबरों में कहा गया है कि पाकिस्तान परमाणु बम और मिसाइल तकनीक को तुर्की को ट्रांसफर कर रहा है। इस खबर के बाद से पूरी दुनिया हिली हुई है। विशेषज्ञों ने कहा कि पाकिस्तान और तुर्की के बीच इस दोस्ती से ग्रीस और भारत में आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

ग्रीस के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रफेसर जॉन नोमिकोस ने कहा कि तुर्की–पाकिस्तान की सांठगांठ भारत और ग्रीस के लिए बड़ा खतरा बन गई है। उन्होंने कहा कि तुर्की, पाकिस्तान और चीनी खुफिया एजेंसियां जम्मू–कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के लिए एकसाथ मिलकर काम कर रही हैं।

## बेलारूस में राष्ट्रपति चुनाव के बाद बढ़े मानवाधिकार उल्लंघन के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेलारूस। बेलारूस में मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर सामने आई वार्षिक रिपोर्ट काफी चौकाने वाली है। ये रिपोर्ट स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञ अनाइस मरीन ने जारी की है। उनका कहना है कि वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया में महामारी बेहद गंभीर अवस्था में थी उस वक्त बेलारूस में मानवाधिकार स्थिति का जबरदस्त संकट देखा गया था। उन्होंने सरकार से दमनकारी नीतियों को तुरंत रोकने और लोगों की जायज मांगों का सम्मान करने की अपील की है। मानवाधिकारों पर सामने आई वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि बेलारूस में अगस्त 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद हुए प्रदर्शनों में पुलिस ने व्यापक हिंसा की थी। इस चुनाव के विरोध में बेलारूस की सड़कों पर जबरदस्त प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान लोगों को जबरन लापता किए जाने और उन्हें प्रताड़ित किए जाने और सिविल सोसायटी के लोगों के साथ बुरा व्यवहार करने, उन्हें डराने और धमकाने की खबरें सामने आई थी। मरीन ने बताया कि इस दमन प्रक्रिया ने अधिकारियों ने पूरा सहयोग किया। इसमें समाज के हर वर्ग को निशाना बनाया गया। यहां तक की इस दौरान मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, वकीलों तक को भी नहीं बख्शा गया।




एक बार फिर प्रलय के रास्ते पर धरती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेन। करीब 2.5 अरब साल पहले धरती पर जीवन खत्म होने लगा था। सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करके फोटोसिंथेटिक जीव पनपने लगे थे। इस वैश्विक प्रलय के पीछे वजह थी एक ऐसी चीज जिसके बिना आज जीवन की कल्पना भी नामुमकिन है और वह थी ऑक्सिजन। ऐसे जीव जो इसका इस्तेमाल कर पा रहे थे, धरती पर सिर्फ वही बचे और पहले से फैले बाकी जीवों के लिए यह जहर में तब्दील होने लगी। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मेन के प्रफेसर टिमथी वॉरिंग का मानना है कि धरती एक बार फिर उसी महाविनाश के रास्ते पर है और इस बार फोटोसिंथेटिक जीवों की जगह पर है इंसान।

# भारत का खौफ, चीन की चेतावनी बलूचों के आगे झुके इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ग्वादर। बलूचिस्तान की निर्दोष जनता पर कहर ढाने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को अब भारत का खौफ और चीन की चेतावनी का डर सताने लगा है। पीएम इमरान खान ने ऐलान किया है कि वह बलूचिस्तान के विद्रोहियों के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विद्रोही कुछ पिछली शिकायतों की वजह से पाकिस्तान सरकार से नाराज थे या भारत ने उनका इस्तेमाल पाकिस्तान में आतंक फैलाने के लिए किया। हालांकि इमरान ने दावा किया कि अब बलूचिस्तान में स्थिति बदल गई है। बलूचिस्तान

**भारत ने बलूचों का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए किया**

के ग्वादर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने पहुंचे इमरान खान ने कहा कि अगर बलूचिस्तान में विकास परियोजनाओं को बढ़ावा दिया गया होता तो हमें कभी भी विद्रोहियों को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा, बलूचों की पहले की शिकायतें हो सकती हैं और दूसरे देशों ने इस्तेमाल किया होगा... भारत ने उनका इस्तेमाल अव्यवस्था फैलाने के लिए किया होगा लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं रही।

**चीनी निवेश पर बलूच कर रहे हमले, आने को मजबूर हुए इमरानः** इमरान ने यह भी कहा कि अभी पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं हुई है कि हमारी सरकार बहुत ज्यादा पैसा बलूचिस्तान को दे सके। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री बनने से पहले उन्होंने बलूचिस्तान के विकास की ठान ली थी।

इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लंदन की 24 बार यात्रा की लेकिन एक भी बार बलूचिस्तान नहीं आए। वहीं पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दुबई की 51 बार यात्रा की लेकिन वह कभी ग्वादर नहीं आए। दरअसल, ग्वादर चाइना–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर का बेहद अहम ठिकाना है।

## रैनसमवेयर हमले से 1500 कंपनियों का कारोबार ठप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अभी तक के सबसे बड़े रैनसमवेयर हमले का संकट जारी रहा है। अमेरिकी तकनीकी सूचना कंपनी कसेया ने रैनसमवेयर (मालवेयर) के साइबर हमले के संबंध में कहा कि समूचे विश्व में इससे करीब 800 से 1500 कंपनियों का कारोबार ठप हो गया है। करीब दस लाख कंप्यूटर प्रभावित हुए हैं। फ्लोरिडा की इस कंपनी के सीईओ फ्रेड वकोला ने मंगलवार को कहा कि शुक्रवार को हुए साइबर हमले का कितना असर हुआ इसका आकलन करना मुश्किल है। चूंकि जिन्हें इससे नुकसान हुआ है उनमें से ज्यादातर उपभोक्ता कसेया के ही थे। कसेया कंपनी आइटी की आउटसोर्सिंग दुकानों को साफ्टवेयर टूल मुहैया कराती है। इसका बैकआफिस ही कंपनी के छोटे–मोटे मसले हल करता है। साथ ही इनका अपना टेक डिपार्टमेंट है। वकोला ने यह बताने से इन्कार कर दिया कि वह क्या कार्रवाई करने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि करीब सात करोड़ डालर की फिरौती मांगने वाले इस रैनसमवेयर के हैकर रूसी समूह रेविल के माने जाते हैं।